तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 भवानी छठ घाट में आस्था का उमड़ा सैलाब



## खबर संक्षेप

### श्री श्याम मंदिर में संकीर्तन संध्या का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** श्री श्याम मंदिर समिति मनेन्द्रगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला श्री श्याम अवतरण कार्तिक महोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर भव्य संकीर्तन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासियों को सपरिवार शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 1 नवंबर को प्रातः 7:15 बजे निकाली जाने वाली निशान यात्रा से होगा, जो श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर मनेन्द्रगढ़ में संपन्न होगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए भक्तिमय माहौल बनाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्री श्याम के जयघोष के साथ भक्ति में लीन रहेंगे। संध्या 8:30 बजे से मंदिर परिसर में भव्य संकीर्तन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक विजय बहादुर (कोरबा) एवं सूरज नंद (धर्मजयगढ़) अपनी मधुर वाणी में बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात आरती एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया है, जिसमें सभी भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### बच्चों को कुपोषण से बचाने नवाचार का सम्मान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को नीति आयोग द्वारा प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है।



यह सम्मान उन्हें राज्यों के लिए नीति मंच (राज्य समर्थन मिशन) के अंतर्गत आयोजित एनएफएस यूज केस चैलेंज 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी जिले खासकर आकांक्षी ब्लॉक बैकुंठपुर में बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) और मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) की रोकथाम और देखभाल विषय पर स्वास्थ्य और पोषण थीम के अंतर्गत कोरिया जिले का श्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। यह कार्य आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रम के तहत महत्वपूर्ण माना गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने ऐसे बच्चों (गंभीर तीव्र कुपोषण और मध्यम तीव्र कुपोषण) की पहचान, पोषण पुनर्वास, सामुदायिक जागरूकता और स्वस्थ भोजन व्यवहार पर प्रभावी मॉडल तैयार किया, जिसके सकारात्मक परिणाम जिले में दिखाई दिए। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए नीति आयोग के सीईओ द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले व आकांक्षी ब्लॉक में काम करने वाले जिला पंचायत सीईओ, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों में काम करने वालो का ही यह प्रमाण पत्र है, जिन्होंने अथक मेहनत से कार्य किए हैं।

### राज्योत्सव को लेकर समीक्षा बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएमएफ मद से स्वीकृत नए और पुराने कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम पोर्टल, सीएम पोर्टल और जन शिकायत के लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सरगुजा संभाग स्तरीय खरीफ 2025 समीक्षा एवं रबी 2025-26 कार्ययोजना बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कृषि विभाग, वेटनरी विभाग, एग्रीकल्चर विभाग और हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारियों को कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आगामी रबी सीजन की तैयारी तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ स्तरीय प्रशिक्षण

# गहन पुनरीक्षण : घर-घर जाकर गणना पत्र भरवाएंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

■ दो चरणों में संपन्न हुआ अधिकारियों का प्रशिक्षण

भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी पात्र मतदाता छूटे ना और कोई भी अपात्र मतदाता जुड़े ना इस उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को जिला पंचायत मंथन सभा कक्ष में बूथ स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न हुआ।

पहले चरण में बैकुंठपुर विकासखंड के बूथ स्तरीय अधिकारियों का 11 से 2 बजे तक एवं दूसरे चरण में सोनहत विकासखंड़ के बूथ स्तरीय अधिकारियों का 2.30 से 4 बजे तक प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान बैकुंठपुर विकासखंड के बूथ संख्या 1 से 117 तथा सोनहत विकासखंड़ के बूथ संख्या 118 से 234 तक के अधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए वेबसाइट का अवलोकन भी कराया गया। इसके अतिरिक्त गहन पुनरीक्षण कार्य में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस गहन पुनरीक्षण में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक गणना पत्र की प्रिंटिंग एवं प्रशिक्षण का कार्य किया जाएगा। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बूथ स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर गणना पत्र भरवाएंगे एवं जमा करेंगे। 5 दिसंबर से 8 दिसंबर तक मतदाता दावा और आपत्ति किया जाएगा।

इसके बाद 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक गणना पत्र का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। अंत में 7 फरवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।



बैठक लेती कलेक्टर

### कोई भी मतदाता छूटने न पाए

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अपात्र मतदाता जुड़ने न पाए। जिले में 78 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग हो चुकी है, शेष 22 प्रतिशत मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले में हेल्प डेस्क बनाने की बात कही, जहां बूथ स्तरीय अधिकारी अपने समस्याओं का समाधान प्राप्त। साथ ही उन्होंने स्थानीय वॉलेंटियर, एनएसएस, एनसीसी बिहान दीदियों एवं ग्राम पंचायत सचिव की सहायता लेने का सुझाव दिया। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य ने कहा कि यह गहन पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, सभी अधिकारी पूरी ईमानदारी एवं तत्परता से अपने कार्य को करेंगे। इस प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर उमेश पटेल, बैकुंठपुर तहसीलदार श्रीमती अमृता सिंह, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर मानेन्द्र सिंह कुशवाहा, मारुति शर्मा, श्रीमती सुमन नायर एवं जिले के दोनों विकासखंड़ के बूथ स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईवे पर आतिशबाजी कर कार के बोनट पर केक काटा, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ पुलिस ने 6 युवकों को किया गिरफ्तार

28 अक्टूबर को सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप्स पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, इसमें मेन रोड पर आतिशबाजी करते हुए तथा कार के बोनट पर केक रखकर जन्मदिन मनाते हुए युवक नजर आ रहे थे। वायरल वीडियो की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और घटना की जांच शुरू की।

जांच में पता चला कि 27 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे अटल चौक खड़गवां बिलासपुर-चिरमिरी स्टेट हाईवे पर एक सफेद मारुति स्विफ्ट कार को सड़क पर खड़ा कर संग्राम गुप्ता निवासी खड़गवां ने अपने साथियों के साथ कार के बोनट पर केक काटकर तथा आतिशबाजी कर जन्मदिन मनाया था। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, इस पर पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संग्राम गुप्ता पिता शंकर प्रसाद गुप्ता निवासी खड़गवां के विरूद्ध अपराध क्रमांक 223/25 धारा 288, 285, 190 बीएनएस तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 117, 122 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पूछताछ में संग्राम गुप्ता ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों प्रकाश सिंह कुशवाहा, नियाज खान, सद्दाम अहमद, माखनलाल एवं राहुल विश्वकर्मा सभी निवासी खड़गवां के साथ सार्वजनिक सड़क पर कार क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 0865 के बोनट पर केक रखकर पटाखा फोड़ते हुए जन्मदिन मना रहे थे। विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट कार को 29 अक्टूबर को दस्तावेज सहित जब्त कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गाय के दूध नहीं देने पर पति व सास ने की बहू से मारपीट

**अम्बिकापुर।** गाय के दूध नहीं देने से पति व सास सहित भांजी ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम द्वारिकापुर निवासी नीरा यादव पति ईश्वर प्रसाद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 अक्टूबर की सुबह 9 बजे गाय को भूसा खिला रही थी। इसी दौरान सास फुलमति यादव पहुंची और बोली की जब से तुम गाय को भूसा खिला रही हो तब से गाय दूध देना बंद कर दिया है। इसी बात को लेकर सास व बहू के बीच विवाद हो गया।



### चिरमिरी की बेटी गौतमी स्वामी ने दिखाया हुनर

**चिरमिरी।** सच ही कहा गया है कि सफलता को किसी स्थान या संसाधन की मोहताज नहीं होती, बल्कि वह तो योग्यता पर निर्भर है।

सफलता केवल यह देखती है कि उस मंजिल का आश्रय चाहने वाले ने इस मुकाम के लिए कितना कठिन परिश्रम, लगन और तजुर्बे से अपना योगदान दिया है। इसी मान्यता को सच कर दिखाने के अपने सपने को साकार किया है, चिरमिरी की होनहार बेटी सुश्री गौतमी स्वामी ने। विगत दिनों राजधानी रायपुर में आयोजित छग मिस्टर एण्ड मिसेस आईकॉन प्रतियोगिता 2025 में सुश्री गोतमी ने अपने विवेक, क्षमता और योग्यता से द्वितीय ⏩ शेष पेज 4 पर

### डीएस उड़के की जगह रामसिंह ठाकुर होंगे नए एसडीएम

**सीतापुर।** एक महीने पहले एसडीएम बनकर आए डीएस उइके का तबादला कर दिया गया है। अब उनकी जगह रामसिंह ठाकुर को एसडीएम बनाकर भेजा गया है। एसडीएम के रूप में भेजे गए रामसिंह ठाकुर ने कार्यालय आकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोगों को शासन की नीतियों का लाभ मिले मेरी यही प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा लंबित मामलों का जल्द निराकरण करते हुए आम जनता को राहत देने का काम करेंगे। कार्यालय के पहले दिन उन्होंने सभी कर्मचारियों से मुलाकात की और काम मे कसावट लाने के निर्देश दिए।

# राशन दुकान को लेकर पार्षद आमने-सामने

**कोरिया कालरी।** नगर पालिक निगम चिरमिरी के कोरिया कालरी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 6 की नई शासकीय उचित मूल्य की दुकान दो महीने बाद भी निर्धारित स्थान को लेकर विवादों में उलझी हुई है। वार्ड 6 और वार्ड 8 के पार्षद दुकान के स्थान चयन को लेकर आमने-सामने हैं, जिससे स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनती जा रही है।

सूत्रों के अनुसार नई राशन दुकान की स्वीकृति मिलने के साथ ही स्थान को लेकर मतभेद शुरू हो गया। वार्ड 6 के पार्षद का कहना है कि उनके क्षेत्र में ज्यादा जरूरतमंद परिवार रहते हैं, इसलिए दुकान उसी क्षेत्र में संचालित होनी चाहिए। वहीं दुकान संचालित करने वाले समूह का कहना है कि दुकान वार्ड 6 के लिए ही आवंटित है और वर्तमान स्थान संचालन की दृष्टि से उपयुक्त है। जिस स्थान पर वार्ड पार्षद दुकान ले जाना चाहते हैं, वहां जगह कम है, गोदाम की सुविधा नहीं है, जिससे दुकान संचालन में बड़ी दिक्कत आएगी। इसके बावजूद पार्षद अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। गौरतलब है कि कोरिया कालरी के तीनों वार्डों में भाजपा के पार्षद हैं और नगर सरकार में महापौर भी भाजपा से हैं। ऐसे में एक ही पार्टी के दो पार्षदों के बीच खींचतान विपक्ष के लिए राजनीतिक मुद्दा बनती जा रही है, जिसका वे भरपूर लाभ उठा रहे हैं। विवाद के चलते राशन वितरण की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है, जिससे पात्र हितग्राही परेशान हैं। स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पार्षदों की आपसी रस्साकशी का नुकसान आम जनता झेल रही है, जबकि खाद्य सामग्री समय पर मिलनी अत्यंत आवश्यक है। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों को चर्चा के लिए बुलाया गया है और जल्द ही समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी, ताकि राशन वितरण सुचारू रूप से शुरू हो सके।




# 3 हजार 367 परिवारों का होगा गृहप्रवेश

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य स्थापना दिवस रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर कोरिया जिले के हजारों परिवारों का वर्षों का सपना साकार होने जा रहा है।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 3 हजार 367 हितग्राही परिवार अपने नए पक्के मकानों में एक साथ गृहप्रवेश करेंगे। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह 1 नवंबर को नवा रायपुर (अटल नगर) में आयोजित होगा, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली कोरिया जिले सहित राज्यभर के लाभार्थी परिवारों का गृहप्रवेश कराएंगे। जिले में बैकुंठपुर जनपद पंचायत के 2 हजार 432 तथा सोनहत जनपद के 935 परिवारों के आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।




देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर गृहप्रवेश इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस के दिन देवउठनी एकादशी भी है। लाभार्थियों को मिलेगा खुशियों की चाबी गृहप्रवेश कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को आभार पत्र, स्मृति चिन्ह, खुशियों की चाबी उनके द्वार पर ही प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नीति, निर्णय व पहल से जिले के हजारों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलने जा रहा है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम को भव्य, गरिमापूर्ण तथा जनसहभागिता से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

### चार महिने से नहीं मिला मानदेय

**अनूपपुर।** चार महीने से मानदेय न मिलने से नाराज ग्राम रोजगार सहायक सचिवों का सब्र आखिरकार टूट गया है। आर्थिक तंगी और लगातार हो रही अनदेखी से परेशान इन सहायकों ने अब विरोध का रास्ता चुन लिया है। जैतहरी जनपद पंचायत के सभी ग्राम रोजगार सहायक, एक सप्ताह के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं, जिसके साथ ही उन्होंने प्रशासन के प्रति अपना गहरा रोष प्रकट किया है। 29 अक्टूबर को जैतहरी जनपद पंचायत के समस्त ग्राम रोजगार सहायकों ने एकजुट होकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने अपनी लंबित चार माह की मानदेय राशि का अतिशीघ्र भुगतान करने की मांग की है। रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर कुशवाहा ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार मानदेय नहीं मिलने के कारण सभी सहायकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है।

# खड़गवां बना आईएसओ प्रमाणित कोल्ड चेन प्वाइंट

**खड़गवां।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरगुजा संभाग ने नई उपलब्धि हासिल की है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां को संभाग का पहला आईएसओ प्रमाणित कोल्ड चेन प्वाइंट बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

यह सफलता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सतत प्रयासों और दिशा-निर्देशों के साथ-साथ जेडी हेल्थ डॉ. अनिल कुमार शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन, सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे, स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम एवं यूएनडीपी प्रतिनिधि की निरंतर मेहनत से संभव हुई है। खड़गवां कोल्ड चेन प्वाइंट को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के सभी मानकों के पालन के लिए आईएसओ प्रमाणन प्रदान किया गया है। यहां डब्लूएचओ मानकों के अनुरूप टीकों का भंडारण किया जाता है और सीएफसी मुक्त, डब्लूएचओ प्रमाणित उपकरणों में अनुशंसित तापमान पर रखा जाता है। ईवेन प्रणाली के माध्यम से वास्तविक समय में स्टॉक अपडेट और तापमान निगरानी की जाती है, जिससे पारदर्शिता व दक्षता दोनों में वृद्धि हुई है। उन्नत निर्बाध बिजली आपूर्ति, प्रशिक्षित मानव संसाधन और एनसीसीमिस सॉफ्टवेयर आधारित प्रबंधन प्रणाली के चलते यह केन्द्र अब सरगुजा संभाग का मॉडल स्वास्थ्य संस्थान बन गया है। जेडी हेल्थ डॉ. अनिल कुमार शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम जल्द ही सरगुजा संभागीय वैक्सीन स्टोर के साथ-साथ अन्य कोल्ड चेन संस्थाओं को भी मॉडल रूप में विकसित करने में सफलता हासिल करेगी।



### 25 नवंबर पर होंगे विविध कार्यक्रम, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होंगे पुरस्कृत

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर निकलेगी यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लौह पुरूष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर कोरिया जिले में यूनिटी मार्च सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने जानकारी साझा की।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जिला स्तरीय पद यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में कोरिया जिले में 12 नवंबर को यूनिटी मार्च निकाला जाएगा। यह मार्च लगभग 7 किमी लंबा होगा, जो शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर से प्रारंभ होकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कलेक्टोरेट परिसर होते हुए सेजेस खरवत परिसर में समापन होगा। इस मार्च में लगभग एक हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि 31 अक्टूबर को सुबह 7 से बैकुंठपुर के कुमार चौक से यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। मार्च में मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं, युवाओं, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। मार्च के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए मार्ग में साफ-सफाई कराई जाएगी। साथ ही छात्रों द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं राष्टीय एकता पर विशेष नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सेजेस खरवत परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर, राष्टीय एकता शपथ, माल्यार्पण, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम श्रृंखला के तहत 31 अक्टूबर को विद्यालयों/महाविद्यालयों में निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता, 6 नवंबर को स्वच्छता अभियान, 7 नवंबर को रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। माय भारत के जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद, रासेयो जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर, पकंज गुप्ता जनप्रतिनिधि व स्कूल, कॉलेज के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता में उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

### तूफान का असर, तेज हवाओं और बारिश से जनजीवन प्रभावित

**मनेन्द्रगढ़।** अरब सागर से उठा मोथा तूफान अब छग के उत्तरी हिस्सों तक असर दिखा रहा है। इसका प्रभाव एमसीबी जिले में भी दिखाई देने लगा है। मंगलवार की रात से आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और बीच-बीच में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान मोथा का कम दबाव क्षेत्र मध्य भारत की ओर बढ़ने से उत्तर छग में अगले 24 घंटे तक बारिश और हवाओं की स्थिति बनी रहेगी। मनेन्द्रगढ़ शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ गिरने, बिजली व्यवस्था बाधित होने और तापमान में गिरावट की सूचना मिली है। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। ग्रामीण इलाकों में खेतों में खड़ी फसलों पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे धान की फसल की कटाई और गहाई फिलहाल रोक दें तथा कटे हुए धान को सुरक्षित स्थान पर रखें। नगरीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग ने सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। नगर पालिका ने शहर के कमजोर पेड़ों और बिजली के खंभों की निगरानी करने के लिए टीम गठित की है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सोमवार की तुलना में मंगलवार रात से ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे मौसम में अचानक ठंडक बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि मोथा तूफान का प्रभाव भले ही कमजोर रूप में हो, लेकिन सावधानी और सतर्कता बरतना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### सिलफिली में मंत्री राजवाड़े ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**अम्बिकापुर।** भटगांव विधानसभा अंतर्गत सिलफिली के बंगालीपारा में आयोजित सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने दो स्थानीय कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री रामबली कुशवाहा तथा ब्लॉक कांग्रेस के सक्रिय सदस्य विनोद कुशवाहा ने भाजपा का दामन थामा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने दोनों को भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए जनता की सेवा एवं विकास कार्यों में सक्रिय योगदान की अपेक्षा जताई। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार करने हेतु पार्टी संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से क्षेत्रीय विकास कार्यक्रमों को और गति मिलेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शिक्षिका स्व. प्रमिला तिर्की की जयंती पर स्कूल में किया गया न्योता भोज

**करवां।** संकुल केंद्र करवां अंतर्गत सरकारीपारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन की



महत्वपूर्ण योजना के तहत विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास हेतु पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए जिसमें विद्यालय एवं ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों को पौष्टिक भोजन थाली में परोसकर कमी को दूर किया जा सकता है। इसी के तहत करवां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां में पदस्थ व्याख्याता डॉ. श्रीमती निशा सिंह द्वारा शिक्षिका स्व . प्रमिला तिर्की के जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरकारी पारा में न्योता भोज कार्यक्रम कराया गया। न्योता भोज में चावल, दाल, सब्जी, पूड़ी, अचार, सलाद एवं मीठा एक साथ देखकर बच्चों ने पूरे प्रसन्नता के साथ मन लगाकर खाया। विद्यालय के प्रधान पाठक कुमारी निर्मला कुजूर द्वारा न्योता भोज के आयोजन हेतु सभी आयोजन का आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्तर से बच्चों के पौष्टिक भोजन हेतु प्रयास करते रहना चाहिए न्योता भोज इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान सतीश भारद्वाज, राजेश कुमार सिंह, अंकित तिवारी, विनय प्रभाकर, भैया लाल राजवाड़े, एलिजाबेथ लकड़ा, वसुंधरा गोजे, प्रेमा एक्का, बहादुर राम राजवाडे, पार्वती भगत, सरिता साहू, हरिवंश सिंह सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बाइक की टक्कर से महिला सहित तीन घायल

**अम्बिकापुर।** बेटी व भतीजी के साथ पैदल घर जा रही महिला को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला सहित दो बालिका घायल हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चंदरपुर निवासी मनियारो पति जुगेश्वर बीती रात बेटी मीना व भतीजी मानमति के साथ अपने नए घर से तेंदूपारा स्थित पुराना घर पैदल जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में पीछे से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 ई 5572 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला सहित दोनों बालिका घायल हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 184, 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। एक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जबकि दूसरे ने अस्पताल लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम सुकमा निवासी सुरेश नगेशिया आ. गंगा राम नगेशिया (24 वर्ष) 23 अक्टूबर को घर में अकेला था जबकि मां लालमति बकरी चराने और पिता खेत में काम करने गया था। शाम को जब माता-पिता घर लौटे तो देखा बेटा सुरेश उल्टी कर रहा है। परिजन कीटनाशक का गंध आने पर तत्काल उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की बीती रात मौत हो गई। दूसरी घटना में प्रेमनगर निवासी राजेश दास आ. अमू दास 20 अक्टूबर को अज्ञात कारण से कीटनाशक खा लिया था। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराए। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर गत दिन उसे रेफर कर दिया। परिजन राजेश को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्राम पंचायत चोपन में लाखों की लागत से प्रस्तावित है पक्की सड़क

# सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत परंतु आज तक काम नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

शासन प्रशासन द्वारा गांव के विकास के लिए विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे है जिससे लोगों को बेहतर सुविधा का लाभ मिल सके। कुछ ग्राम पंचायत में योजना का लाभ मिल रहा है परंतु कुछ क्षेत्र ऐसे भी है जहां लोगों के बड़ी संख्या में आवागमन करने के बावजूद आज तक कच्ची सड़क को पक्की सड़क नहीं बनाया गया है। ऐसा नहीं है की पक्की सड़क के लिए राशि स्वीकृत नहीं की गई। राशि स्वीकृत होने के बाद भी ग्राम पंचायत चोपन के लोग पक्की सड़क की सुविधा से वंचित है जबकि प्रशासनिक आदेश के बावजूद छह माह बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सकी जिससे अब क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बात**

- निर्माण से पहले ही पंचायत को जारी किया गया था 40 प्रतिशत राशि

विकासखंड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत चोपन में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही सवालों के घेरे में आ गया है। लगभग 7.80 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण से स्वीकृत हुआ था, जिसकी 40 प्रतिशत राशि लगभग 3 लाख रुपए मई माह में ग्राम पंचायत को जारी भी की जा चुकी है। इसके बावजूद छह महीने बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कोई अता-पता नहीं है। जबकि 1 अप्रैल को जारी प्रशासनिक आदेश के तहत इस कार्य को छह माह की समयसीमा में पूर्ण करना अनिवार्य था, किंतु पंचायत और संबंधित विभागीय अधिकारियों ने इस आदेश को मानो कागज़ों की शोभा बढ़ाने तक सीमित कर दिया है। सूत्रों की माने तो भुगतान ऐसे ट्रेडर्स नामक फर्म को किया गया है जिसका फर्म का निर्माण कार्य या निर्माण सामग्री आपूर्ति से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कागजी खानापूर्ति कर राशि निकाली गई, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य का ठेका मंत्री के करीबी व्यक्ति को दिया गया है, जिसके चलते पंचायत से लेकर विभागीय स्तर तक कोई भी अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे है। ग्रामीणों का कहना है कि ज़मीन पर काम शुरू न होने से लोगों के बीच यह शंका गहराती जा रही है कि कहीं सड़क कागज़ों पर ही सिमट कर न रह जाए।



ग्राम पंचायत की कच्ची सड़क।

**कच्ची सड़क ने बढ़ाई परेशानी**

ग्राम पंचायत में व्यवस्थित सड़क नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में कच्ची सड़क पर कीचड़ होने से पैदल चलना दुभर हो जाता है। जबकि गर्मी के दिनों में सड़क के उबड़ खाबड होने से मार्ग से गुजरने वाले बाइक सवार लोग दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। गांव में सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर आवागमन के लिए सड़क मूरुम बिछा दिया गया है।

**ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

ग्राम पंचायत चोपन में सड़क निर्माण व राशि स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं होने पर काफी आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल सड़क निर्माण का मामला नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों, पारदर्शिता और शासन की साख से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। ग्रामीणों ने इस मामले में जांच की मांग की है ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके।

**जारी किया गया है शोकॉज नोटिस**

ग्राम पंचायत को निर्माण कार्य प्रारंभ न करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। यदि तीन दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है, तो संबंधित राशि की वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

-विनय कुमार गुप्ता
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और त्रुटियों को सुधारना है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर गणना चलेगा, जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे और फार्म का वितरण करेंगे। इसके उपरांत 9 दिसम्बर को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उक्त अवधि में नागरिक अपने नाम जोड़ने, सुधारने या हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक नोटिस चरण, सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा। सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के नागरिकों से कहा है कि वे समय रहते अपनी जानकारी अद्यतन कराएं ताकि मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या न हो और लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।



- घर-घर जाएंगे बीएलओ, लेंगे आवश्यक जानकारी

### पैलेस घाट छठ सेवा समिति ने की घाट की साफ-सफाई

**अम्बिकापुर।** छठ महापर्व के समापन पश्चात घाट में फैले पूजा सामग्री, फूल-माला सहित प्लास्टिक के बिखरे होने पर आज पैलेस छठ घाट की सफाई समिति सहित आसपास के लोगों द्वारा किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि महापर्व छठ पूजा संपन्न हो गया है। अब हमारा अगला कर्तव्य है कि घाट को वैसे ही स्वच्छ और सुंदर बनाना, जैसे पर्व से पहले था। आज छठ घाट की सफाई का कार्य किया गया। छठ घाट सहित आसपास फैले पूजा सामग्री, फूल-माला, प्लास्टिक आदि को निर्धारित स्थान पर रखा गया। घाट सफाई के दौरान बड़ी संख्या में समिति के सदस्य सहित आसपास के लोग मौजूद रहे।





## जूनियर सिंगल डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में जूनियर सिंगल डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मणिपुर दर्रीपारा में किया गया। प्रतियोगिता में 87 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 25 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया। सेमीफाइनल मुकाबला 1 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। डांस प्रतियोगिता में अन्य राज्यों से भी प्रतिभागी शामिल हुए। संस्था द्वारा उनके रहने खाने की व्यवस्था की जा रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शफी अहमद, सरोज साहु, विनय शर्मा एवं शुभम जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए संस्था के इस प्रयास को समाज में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों ने अपनी नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। मंच पर हर प्रस्तुति तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराही गई। निर्णायक मंडल में श्रीमती रविन्द्र कौर, श्रीमती श्वेता सिन्हा, परमानंद तिवारी, रणविजय सिंह एवं विनायक पांडेय शामिल रहे। उन्होंने निष्पक्ष रूप से प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने बताया कि अनोखी सोच संस्था का उद्देश्य बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज में सृजनात्मक वातावरण बनाना है। आयोजित डांस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 2 नवंबर को होना तय किया गया है।

इस दौरान अभय साहू, लालजी साहू, भोला रक्सेल, जवाहर साहू, संजीव चटर्जी, लरंग मुंडा, नीरज, सुभाष, संदीप, मुदलियार, अजय, राहुल, आंनद, रोहित सिंह, अवधेश केरकेट्टा, विशाल, रमेश, मुकेश मुंडा, विजय राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

## नगर पंचायत में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर पंचायत सहित कुसमी विकासखंड अंतर्गत कई स्थानों पर सूर्य उपासना का महापर्व छठ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत में एसडीएम करुण डहरिया के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा सहित नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षद, नागरिक के सहयोग से इस वर्ष छठ घाट पर बनारस से गंगा आरती करने हेतु पंडितों को बुलाकर सायं काल एवं प्रातः काल में मंत्रोच्चारण के साथ गंगा आरती का आयोजन किया गया। नगरवासी सहित आसपास क्षेत्र के लोगों ने गंगा आरती की काफी सराहना की। छठ महापर्व के अवसर पर व्रतधारी सूर्य देव की उपासना करते हुए कुसमी राजा तालाब के पास सहित कुसमी-सामरी रोड, कंजिया ग्राम पंचायत, बिनगंगा नदी, ग्राम पंचायत सामरी, सबाग, कमलापुर , मदगुरी, चांदो सहित अन्य जगहों पर छठ महापर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया। व्रतियों ने सूर्य देवता को दूध एवं गंगा जल का अर्घ्य देकर परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

### छठ घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सीतापुर।** सूर्यदेव को समर्पित लोक आस्था का महापर्व छठ व्रतियों द्वारा उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान उगते सूरज को अर्घ्य देने घाट पर व्रतियों के साथ भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोक आस्था का महापर्व छठ नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार को नहाय खाये से शुरू होने वाला चार दिनों का यह महापर्व मंगलवार को उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। इस बीच खरना एवं अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद कुछ व्रती घर चले गए वही कुछ व्रतियों ने पूरी रात घाट पर गुजारी। छठ पूजा को लेकर विधायक रामकुमार टोप्पो, वार्ड पार्षद नीरू मिस्त्री, रवि श्वेता अग्रवाल एवं सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा के दिशानिर्देश में नगर पंचायत द्वारा झोर तालाब एवं बाजारडांड स्थित तालाब में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। दोनों जगहों पर घाट की साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था के साथ व्रतियों के रुकने के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंगलवार को उगते सूरज को अर्घ्य देकर पूरे विधि विधान के साथ लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा का समापन किया। व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर जीवन मे सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी एवं थाना प्रभारी सीआर चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद थी।

## सिलफिली से काली घाट तक बदहाल सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने कलेक्टर को ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती जा रही है,सिलफिली से लेकर कालीघाट तक का मार्ग जगह-जगह बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है,इस जर्जर सड़क से होकर गुजरना अब लोगों के लिए जान जोखिम में डालने के समान हो गया है,आए दिन वाहन पलटने और दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ रही हैं, इस गंभीर मुद्दे को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बुधवार को कलेक्टर सूरजपुर को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिशीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है,कलेक्टर को दिए ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने उल्लेख किया है कि गत दिनों 19 जुलाई को ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर एनएच 43 मार्ग पर चक्काजाम आंदोलन किया गया था, उस समय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने 15 अक्टूबर के बाद मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था,इस भरोसे पर लोगों ने तब आंदोलन को समाप्त कर दिया था, लेकिन आज 29 अक्टूबर तक भी सड़क मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है,बारिश के मौसम के बाद गड्ढे और गहरे और बड़े आकार के हो चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है,दोपहिया वाहन सवार अक्सर नियंत्रण खोकर घायल हो रहे हैं,वहीं आपातकालिन स्थिति में एम्बुलेंस और स्कूली बसों का संचालन भी मुश्किल हो गया है, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने चेताया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया,तो ग्रामीणों द्वारा फिर से एनएच में प्रदर्शन किया जाएगा,उन्होंने कहा कि सरकार और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता अब आमजन मानस बर्दाश्त नहीं करेंगे, यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है और यदि इसे नजर अंदाज किया गया, तो यह बड़ा जन आंदोलन का रूप ले लेगा,लोगों का कहना है कि सिलफिली से कालीघाट तक की उक्त मार्ग से रोजाना हजारों की संख्या में ग्रामीण, छात्र और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा आवाजाही की जाती है,जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से छोटे वाहन तो पूरी तरह फंस जाते हैं,ग्रामीणों ने कहा कि अब यह सिर्फ सड़क नहीं बल्कि हादसे का रास्ता बन गया है।

- एक सप्ताह बाद ग्रामीणों के साथ एनएच में प्रदर्शन करने की दी गई चेतावनी

## आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती फर्जीवाड़ा का मुख्य आरोपी अब भी फरार, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

विकासखंड शंकरगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के दौरान फर्जी अंकसूची के आधार पर किए गए फर्जीवाड़े का मुख्य आरोपी महिला एवं बाल विकास विभाग का बाबू विष्णु यादव अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है और दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

भर्ती प्रक्रिया में फर्जी अंकसूची का उपयोग कर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया था। अभ्यर्थियों को सजा तो मिल गई लेकिन जांच में बाबू विष्णु यादव की संलिप्तता स्पष्ट होने के बावजूद आज तक उसकी गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। क्षेत्रवासियों कहना है कि अगर आरोपी निर्दोष है तो फरार नहीं होना चाहिए। इधर कार्रवाई में जानबूझकर ढिलाई बरती जा रही है। आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में चयन समिति में जनपद सीईओ, बीईओ, बीएमओ, परियोजना अधिकारी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। बावजूद इसके दस्तावेज़ सत्यापन में चूक होना कही न कहीं फर्जीवाड़ा को दर्शाता है। क्षेत्र के लोगों सहित सामाजिक संगठनों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नही होने र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।




### गोपाष्टमी पर्व पर देवगई आदर्श गौशाला में विधि विधान पूर्वक की गई हवन-पूजन

**रामानुजगंज।** कार्तिक मास की गोपाष्टमी तिथि के अवसर पर स्थानीय देवगई आदर्श गौशाला में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ-हवन, गौ माता की पूजा-अर्चना, गौ संगोष्ठी एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम विनय कुमार पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य जजमान के रूप में गौशाला समिति के कोषाध्यक्ष आनंद चौबे, गौ सेवा आयोग के सदस्य अंकित कलवार एवं राहुल गुप्ता उपस्थित रहे। पूजन उपरांत गौ भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें गौ माताओं को गुड़, फल आदि अर्पित किए गए। इस दौरान आदर्श गौशाला अध्यक्ष बद्री यादव, जिला पंचायत सदस्य मुंशी राम, जनपद उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, शैलेश गुप्ता, अनोज यादव, अशर्फी यादव, राजकुमार यादव, अरविंद प्रजापति, देव कुमार सिंह,धर्म प्रकाश केसरी, आकाश तिवारी, मनोज प्रजापति, मनोज यादव, पंचम कुशवाहा, विमल दुबे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक

**रामानुजगंज।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा के अध्यक्षता में समस्त राजनीतिक दलों की बैठक कलेक्टर कक्ष में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सदस्यों को विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी साझा किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के गहन पुननरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही जिला अंतर्गत 90 नवीन मतदान केन्द्रों की जानकारी दी गई। उपस्थित दलों को 3 अक्टूबर को जिले के समस्त तहसील कार्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण में बूथ लेवल एजेंट को उपस्थित कराने हेतु जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों को बताया गया कि जिन दलों ने बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति नहीं की है उनके बूथ जेवल एजेंट नियुक्त करने की बात कही। उपस्थित प्रतिनिधियों को वोटर पोर्टल के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में वर्ष-2003 किस मतदान केन्द्र में दर्ज था, उसे खोजने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जिले के मतदान केन्द्र एवं तहसील वार मतदाता संख्या से अवगत कराया गया। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के दौरान उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई गणना पत्रक के फॉर्म को भरे जाने के संबंध में विस्तार से समझाया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चेतन बोरघरिया, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



छत्तीसगढ़ स्थापना उत्सव

स्थापना के गौरवशाली
25 वर्ष
पूर्ण होने पर





FLAT
25% OFF

* सभी चीजों पर, नियम व शर्तें लागू

31 अक्टूबर, 01, 02 व 03 नवंबर
(सिर्फ चार दिनों के लिये)

निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड
अंबिकापुर अम्बेडकर चौक Ph-230041, 9516089497

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** महाराजा श्री अग्रसेन जी के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर नगर में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतीमा यादव एवं उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने पुलिस अधीक्षक एमसीबी को ज्ञापन सौंपकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जोहर छग पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अग्रवाल समाज के आराध्य देव महाराजा श्री अग्रसेन जी पर अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणी की गई है। यह टिप्पणी न केवल अग्रवाल समाज बल्कि समस्त समाज की धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की कि आरोपी पर जनभावनाओं को आहत करने एवं समाज में अशांति फैलाने जैसे प्रकरणों के अंतर्गत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाकर जिले में सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया जाए। इस दौरान नगर पालिका के पदाधिकारीगण, व्यापारी एवं अग्रवाल समाज के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### अवैध गतिविधियों व नशे के कारोबार पर चलेगा अभियान



**मनेन्द्रगढ़।** नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने जिले में पदभार ग्रहण करते ही कानून व्यवस्था को लेकर सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि मध्य प्रदेश से सटे होने के कारण जिले में बढ़ रही अवैध गतिविधियों पर अब पूरी तरह से लगाम लगाई जाएगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी और अवैध शराब, ड्रग्स तथा अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसपी श्रीमती सिंह ने कहा कि पुलिस का लक्ष्य सिर्फ अपराधियों को पकड़ना नहीं, बल्कि अपराध की जड़ को खत्म करना है। सूखा नशा और ड्रग्स जैसी सामाजिक बुराइयों में शामिल बड़े मगरमच्छों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी। सीमावर्ती इलाकों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। एसपी ने कहा कि मौजूदा पुलिस बल के साथ समन्वय बढ़ाकर जिले में बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### चिमिरी की बेटी ...

स्थान का खिताब प्राप्त कर फैशन शो में धमाल कर दिखाया है। चिरमिरी के इस होनहार बेटी के सफलता की जानकारी मिलने पर शहर के कांग्रेसी स्वामी परिवार के हल्दीबाड़ी निवास जाकर, सफल प्रतिभागी बच्ची सुश्री गौतमी सहित उनके पिता कन्हैया स्वामी, माता श्रीमती लावन्या स्वामी एवं परिजन को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर, प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दिए। इस अवसर पर पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुभाष कश्यप, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष पूर्व सभापति श्रीमती गायत्री बिरहा, वार्ड पार्षद श्रीमती माधुरी कश्यप, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष राणा दास, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष बीरू खान, कामगार कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रदीप प्रजापति, ब्लाक कांग्रेस सचिव देवनंदन राजवाड़े, श्रीमती जॉली राय, श्रीमती रिंकू पोड़यिा, श्रीमती कविता सोंधिया, श्रीमती सीमा भगत, श्रीमती रीता, एनएसयूआई जिला सचिव विश्वजीत दासगुप्ता, राहुल मलिक, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रसाद आदि सम्मिलित हुए।



# भवानी छठ घाट में आस्था का उमड़ा सैलाब



**हरिभूमि न्यूज. बरबसपुर**

जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के भवानी घाट स्थित छठ घाट में मंगलवार को लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सुबह से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। व्रतियों ने जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं मांगी। पूरे घाट परिसर में छठी मैया के पारंपरिक गीतों की मधुर गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाएं और बच्चियां छठ गीतों पर थिरकती रहीं, वहीं पुरूषों ने घाट व्यवस्था में सहयोग देते हुए सेवा कार्य संभाला।

भोर होते ही व्रतियों ने सूप-दउरा में फल, प्रसाद व पूजन सामग्री सजाई और परिवारजन के साथ छठ घाट की ओर प्रस्थान किया। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान का विधिवत समापन हो गया। छठ महापर्व में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठजन तक सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामवासियों के सहयोग से व्यवस्था सुचारू रही और भक्तों ने शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया।

# मेडिकल कॉलेज में 121 सीटों पर एडमिशन, चार सीटें अब भी खाली

**हरिभूमि न्यूज. अंबिकापुर**

मेडिकल कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया दिन प्रतिदिन पिछड़ती जा रही है। कॉलेज में अभी भी स्टेट और सेन्ट्रल पूल कोटा में एक एक सीटों पर एडमिशन पूर्ण नहीं हो पाया है जबकि ऑल इंडिया कोटा की दो सीटो पर भी प्रवेश अब तक शेष है। एडमिशन की प्रक्रिया में हुई लेट लतीफी के कारण एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में यूजी की 125 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। एमबीबीएस की कुल 125 सीटों में से स्टेट कोटा में 104, ऑल इंडिया कोटा में 18 और सेंट्रल पूल कोटा में 3 सीटें स्वीकृत है। स्टेट कोटा की दो चरणों की प्रक्रिया के बाद 104 में से 103 सीटों पर छात्र छात्राओं ने एडमिशन ले लिया है जबकि सेंट्रल पूल कोटा में भी नेपाल से दो छात्रों का एडमिशन हुआ है। वहीं ऑल इंडिया कोटा की बात की जाए तो कॉलेज में 18 में से 17 सीटों पर एडमिशन पूर्ण हो गए थे लेकिन बाद में दूसरे चरण तक 6 छात्र छात्राओं ने अपना कॉलेज अपग्रेड कर लिया जिसके बाद ऑल इंडिया कोटा से सिर्फ 11 छात्र छात्राएं ही शेष बचे थे। अब तीसरे चरण में एनएमसी ने फिर से 7 लोगों को सीटें अलॉट की थी लेकिन अब तक सिर्फ 5 ने ही एडमिशन लिया है। ऐसे में अभी भी ऑल इंडिया कोटा में अभी दो सीटें रिक्त बची है। सेंट्रल पूल कोटा की बात की जाए तो एक सीट के अलॉटमेंट को लेकर कोई जानकारी नहीं आ पाई है। सबसे बड़ी बात यह है कि 22 सितम्बर से कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू हो गई है लेकिन इस बार सीट अलॉटमेंट में हो रही देरी के कारण यूजी के छात्र-छात्राओं की पदाई प्रभावित हो रही है जबकि अगस्त के महीने में यूजी के छात्र छात्राओं की पहली परीक्षा भी सेमेस्टर के अनुरूप आयोजित की जाएगी।



### 9 नवम्बर से शुरू होगा पीजी में प्रवेश

मेडिकल कॉलेज में यूजी के बाद अब पीजी की कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू होने जा रही है। हालांकि विभिन्न कारणों से इस बार भी पीजी एडमिशन पिछड़ गया है। इस बार 9 नवम्बर से पीजी के एडमिशन शुरू होंगे और 8 दिसम्बर से मेडिकल कॉलेज में सेशन शुरू होगा। इस बार राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ने 46 सीटों पर पीजी प्रवेश लेने का निर्णय लिया है। इसमें ऑल इंडिया कोटा की 23 और स्टेट कोटा की 23 सीटें होंगी। बड़ी बात यह है कि इस बार कॉलेज में फिर से माइक्रोबायोलॉजी और फार्मेकोलॉजी विषय को डाला गया है जबकि पूर्व में प्रोफ़ेसर की अनुपलब्धता के कारण इन विषयों को हटा दिया गया था।

### ग्रामीण के घर से 700 बोरी अवैध धान जब्त

**वाड्रफनगर।** प्रशासन की सख्ती एवं सीमावर्ती कृषि जांच चौकी द्वारा निरंतर जांच करने के बावजूद कोचिए पड़ोसी राज्यों से लगातार अवैध धान का परिवहन एवं भण्डारण कर रहे हैं। रघुनाथ नगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंडरी में भारी मात्रा में बाहर का धान भण्डारित करने की सूचना पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई कर 700 बोरी अवैध धान जब्त किया है। एसडीएम नीरनिधि नंदेहा ने बताया कि ग्राम पंडरी निवासी चंचलपति द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में दूसरे राज्य का धान भंडारित करने की सूचना मिली थी। सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान ग्रामीण के घर में 700 बोरी अवैध धान मिला जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर रोक लगाने के लिए विविध टीमों का गठन किया गया है। टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में कोचियों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही हैं।

# अभद्र टिप्पणी पर आक्रोशित हुए समाज के लोग

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



महाराजा श्री अग्रसेन जी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर सर्व अग्रवाल समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। गुरूवार को समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं काफी संख्या में नगरवासी एकजुट होकर सिटी कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी के विरूद्ध तत्काल एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजजन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी केवल अग्रवाल समाज के आराध्य देव ही नहीं, बल्कि सेवा, समरसता और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। उनके प्रति की गई किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी न केवल समाज की भावनाओं को आहत करती है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द के लिए भी खतरा उत्पन्न करती है। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि मामले की गहन जांच कर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाए और उसे कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी करने का साहस न कर सके। इस दौरान काफी संख्या में अग्रवाल समाज के सदस्य, व्यापारीगण, महिला एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का अपमान किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। समाज ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। सिटी कोतवाली प्रभारी ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया और समाजजन से शांति बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर समाज के पवन फरमानिया, सुदर्शन अग्रवाल, निरंजन मित्तल, मनीष अग्रवाल, कैलाश गोयल सुरेश गोयल विनय अग्रवाल राजेश अग्रवाल, श्रीमती अनीता फरमानिया, श्याम सुंदर पोद्दार, अजय अग्रवाल, पदम सिंघल, मनोज अग्रवाल, अरूण अग्रवाल गोलू, सुधीर पोद्दार, सुमित पोद्दार, भूषण अग्रवाल, प्रमोद बंसल, विजय गाडोड़िया, प्रणय अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मनीष गोयल, नरेश अग्रवाल समेत समाज के वरिष्ठ जन काफी संख्या में मौजूद रहे।



# 5 को धूमधाम से मनाया जाएगा गुरूनानक देव जी का प्रकाशोत्सव

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

सिख धर्म के प्रथम गुरू गुरू नानक देव के प्रकाशोत्सव के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ नगर में 23 अक्टूबर से प्रारंभ हुई प्रभातफेरी का नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है। स्थानीय बस स्टैंड में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वयं पहुंचकर प्रभातफेरी का स्वागत किया और गुरूनानक देव के बताए मार्गो पर चलने का आह्वान किया।

प्रभातफेरी के स्वागत अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, समाजसेवी सहित काफी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरूनानक देव ने पूरे विश्व को सत्य, करुणा, सेवा और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी धर्मो और समुदायों के पर्व-त्योहारों को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रकाशोत्सव के तहत आयोजित यह प्रभातफेरी 11 दिनों तक निरंतर नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी। इस दौरान संगत द्वारा शबद-कीर्तन और भजन के माध्यम से गुरूनानक देव जी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह प्रभात बेला में नगर की गलियों में वाहे गुरू जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयघोष से वातावरण गूंज रहा है। इस वर्ष गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव 5 नवंबर को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस दिन मनेन्द्रगढ़ गुरूद्वारा परिसर में विशेष दीवान, भजन-कीर्तन, शब्द-वाणी और लंगर का आयोजन किया जाएगा। नगर और आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी समाज में एकता, समरसता और मानवता की भावना को जीवंत रखे हुए हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मकता और सद्भाव के प्रतीक हैं।

# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में विश्व एड्स दिवस को ध्यान में रखते हुए छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या सह एनएसएस अधिकारी डॉ. आरएन कच्छप के मार्गदर्शन तथा रेडक्रॉस प्रभारी श्रीमती कनकलता पैकरा के नेतृत्व में एनएसएस व रेड क्रॉस इकाई ने संयुक्त रूप से रैली का आयोजन किया।




रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग संजय नगर स्थित पेट्रोल पंप और ग्राम तलवापारा बस्ती से होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान छात्राओं ने एड्स जागरूकता संबंधित नारे लगाते हुए आमजन को जानकारी देने का प्रयास किया। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के संक्रमण, बचाव और सामाजिक भ्रांतियों पर प्रभावी संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक में लल्ली, चंदा, आरती, अनिष्का केरकेट्टा, रोशनी, रूपा, रोशनी यादव, गौरी सिंह, पुष्पांजलि, सुष्मा, वंदना, नीलम कच्छप और पूजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रैली में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ भरत सिंह, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, बिक्की राम, सुमित मिश्रा, डॉ. ज्ञान चंद्र पाल, डॉ. रीचा श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, मोह. अमजद, सुश्री रीचा चेलकर, विजय कुमार, सुश्री मेघा डाहिरे, विपिन सिंह, महेन्द्र कुर्रे, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, भागवत प्रसाद साहू, कुमारी खुशबू, श्रीमती उर्मिला, सतेन्द्र, बिन्यामिन लकड़ा एवं चुन्नू शामिल रहे। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में एड्स के प्रति जागरूकता, रोकथाम और सही जानकारी का प्रसार करना है, ताकि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

### राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम का शुभारंभ

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम का जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी ने सीएमएचओ कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए दल को रवाना किया गया। सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत दल सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र में 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र के दृष्टिहीन (तीन मीटर से कम दूरी तक देखने) वाले व्यक्तियों का नेत्र जांच किया जाएगा यह कार्यक्रम 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक जिले के नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा जांच व उपचार कर जिला अस्पताल बलरामपुर व आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा केन्द्रों में भेजा जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया ( छ.ग. )**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक Q/ वाचक / 2024
बैकुण्ठपुर दिनांक 29/10/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम देवरी की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सागर बखला पिता/पति विमल कुमार जाति उरांव निवासी देवरी तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा स्व. रामवती निवासी देवरी का जन्म/मृत्यु दिनांक 15/08/2024 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 12/11/25 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 29-10-25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.**

# ब्लड बैंक का मिला लायसेंस

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

जिला अस्पताल बैकुंठपुर को अब अपना ब्लड सेंटर चलाने का लाइसेंस मिल गया है। यह लाइसेंस भारत सरकार के अंतर्गत केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन नई दिल्ली द्वारा जारी किया गया है, इससे अब जिले में रक्त की उपलब्धता और आपात परिस्थितियों में इलाज और अधिक सुगम होगा।



इस ब्लड सेंटर में संपूर्ण मानव रक्त आईपी का संग्रह, जांच, सुरक्षित भंडारण और जरूरत पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराने की सुविधा रहेगी। यह केन्द्र जिला अस्पताल बैकुंठपुर परिसर में ही संचालित होगा। वर्ष 2006 से ब्लड बैंक लाइसेंस के लिए प्रयासरत रहा, जो 19 बरस बाद यानी रजत वर्ष पर यह उपलब्धि हासिल हुई। यह अनुमति संयुक्त औषध नियंत्रक (भारत) डॉ. रंगा चंद्रशेखर द्वारा दी गई है। रक्त केन्द्र का हर वर्ष निरीक्षण होगा। सभी कार्य दवा नियम 1945 के नियमों के अनुसार किए जाएंगे। केवल स्वेच्छिक रक्तदाताओं से ही रक्त लिया जाएगा। पैसे देकर रक्त देने वाले से रक्त लेना सख्त मना है। यह लाइसेंस 5 वर्ष के लिए मान्य होगा। अब जिले में रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस ब्लड सेंटर के शुरू होने से मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा, गंभीर स्थिति में जिला मुख्यालय से बाहर जाने की जरूरत कम होगी और जन-जीवन की सुरक्षा मजबूत होगी। ब्लड सेंटर में डॉ. कार्तिकेय सिंह मेडिकल ऑफिसर, सुखनाथ सिंह तकनीकी पर्यवेक्षक, अतार सिंह, तकनीशियन, गायत्री सिंह तकनीशियन, मंजू लता तिर्की स्टाफ नर्स नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि जिले में ब्लड बैंक लायसेंस की मांग वर्ष 2006 से की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवेदनशील पहल और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के कारण ही राज्य स्थापना दिवस के पूर्व यह सौगात मिली है। कलेक्टर ने कहा कि निश्चित ही जिले के मरीजों और जरूरतमंद तबको के लिए ब्लड बैंक कारगर साबित होगा।




